जिला कार्यालय, बोकारो DIST. OFFICE, BOKARO

# मेरा युवा भारत- बोकारो

# MERA YUVA BHARAT- BOKARO

स्वायत्त निकाय an Autonomous Body Under the
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय Ministry of Youth Affairs & Sports
भारत सरकार Government of India

**पत्रांक:** MYBharat/Bok/25-26/49 दिनांक: 15-09-2025

सेवा में,

1. प्राचार्य, बोकारो स्टील सिटी महाविद्यालय, बोकारो|
2. प्राचार्य, चास महाविद्यालय, बोकारो|
3. निदेशक, गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कॅम्पस, बोकारो|
4. प्राचार्य, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक,बोकारो|
5. प्राचार्य, स्वामी सहजानंद कॉलेज, चास, बोकारो|
6. प्राचार्य, विस्थापित महाविद्यालय, बालीडीह, बोकारो|
7. प्राचार्य, आर. वी. एस कॉलेज, चास, बोकारो|
8. प्राचार्य, बोकारो महिला कॉलेज, बोकारो|
9. प्राचार्य, आर.पी.एस कॉलेज, चन्द्रपुरा, बोकारो|
10. प्राचार्य, झब्बू सिंह मेमोरियल कॉलेज, फुसरो, बेरमो, बोकारो|
11. प्राचार्य, महेंदी बाउरी डिग्री कॉलेज, चंदनकियारी|
12. प्राचार्य, बिंदेश्वरी दुबे कॉलेज, पिचरी, बेरमो, बोकारो|

**विषय: युवाओं को "Viksit Bharat Quiz Competition" में भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा *Viksit Bharat Young Leaders Dialogue (VBYLD) – 2026* का आयोजन किया जा रहा है। इस संवाद का प्रथम चरण **"Viksit Bharat Quiz"** प्रतियोगिता है, जो *MY Bharat पोर्टल (www.mybharat.gov.in)* पर आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर के युवाओं (आयु वर्ग 15–29 वर्ष) को **विकसित भारत @2047** की परिकल्पना से जोड़ना, उनमें जिज्ञासा एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्रीय मंच पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करना है। यह क्विज़ देश की प्रगति, संस्कृति, नीतियों एवं भारत के भविष्य के दृष्टिकोण पर आधारित है और **12 भाषाओं** में आयोजित हो रही है, ताकि प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**क्विज़ की प्रमुख विशेषताएँ:**

- भागीदारी हेतु **कोई शुल्क नहीं** है।
- प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे, प्रत्येक प्रश्न में 2–4 विकल्प होंगे तथा केवल एक सही उत्तर होगा।
- केवल 15–29 वर्ष की आयु वाले पंजीकृत प्रतिभागियों को ही आगे के चरणों (निबंध लेखन, प्रेजेंटेशन आदि) में जाने का अवसर मिलेगा।
- **प्रतियोगिता की अंतिम तिथि: 15 अक्टूबर, 2025**

Gaurav
Cont...2

**राष्ट्रीय स्तर पर अवसर:**
क्विज़ के उपरांत चयनित प्रतिभागियों को आगे की प्रतियोगिताओं (निबंध, प्रेजेंटेशन आदि) में भाग लेने का अवसर मिलेगा और अंतिम चरण में जनवरी 2026 को **नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव** में शामिल होकर **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सहित देश के विभिन्न प्रख्यात व्यक्तित्वों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर** प्राप्त होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय के अधिकतम विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में पंजीकरण एवं सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करें, ताकि हमारे जिले/राज्य के युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें तथा भारत के भविष्य निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें।

साथ ही, इस पत्र के साथ **कुछ पोस्टर संलग्न किए जा रहे हैं**, जिन्हें कृपया महाविद्यालय के **नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करें**, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतियोगिता की जानकारी प्राप्त कर सकें और भागीदारी हेतु प्रेरित हों।

आपका सहयोग इस राष्ट्रीय अभियान को व्यापक सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण होगा।

सधन्यवाद,

भवदीय
Gaurav Kumar
15.09.2025

जिला युवा अधिकारी
मेरा युवा भारत, बोकारो|

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA


my भारत

VBYLD
VIKSIT BHARAT
YOUNG LEADERS
DIALOGUE 2026
10TH-12TH JANUARY | BHARAT MANDAPAM, NEW DELHI

# विकसित भारत क्विज़

## सुनहरा अवसर

प्रतियोगिता में भाग लेकर
**विकसित भारत** के यंग लीडर बनें और
**प्रधानमंत्री जी** के समक्ष
अपने विचार साझा करने का मौका पाएं



रजिस्ट्रेशन की
अंतिम तिथि :
15 अक्टूबर, 2025
रजिस्टर करें:
mybharat.gov.in पर

## मेरा युवा भारत, बोकारो

(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार)

अधिक जानकारी के लिए फ़ॉलो करें :